भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3191 का उत्तर

बेंगलुरु-मैसूर रेल कॉरिडोर पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़

3191. श्री यदुवीर वाडियार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सप्ताहांत, त्यौहारों और व्यस्ततम सीजन के दौरान बेंगलुरु-मैसूर रेल कॉरिडोर पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ होने की जानकारी है;
(ख) वर्ष 2025 के दौरान इस मार्ग पर चलाई गई विशेष रेलगाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और यात्रियों की औसत संख्या क्या है; और
(ग) क्या रेलगाड़ियों के फेरे या डिब्बों की क्षमता में स्थायी वृद्धि करने पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल पर, गाड़ियों का अधिभोगिता स्वरूप कम व्यस्त और अधिक व्यस्त अवधि के दौरान बदलता रहता है। भीड़भाड़ वाली व्यस्त अवधि के दौरान, विशेष रूप से लोकप्रिय मार्गों पर रेलगाड़ियों में भीड़ रहती है, जबकि कम व्यस्त अवधि और कम लोकप्रिय मार्गों पर, गाड़ियों का उपयोग उपेष्टतम होता है।

इस समय, बेंगलुरू-मैसुरू रेल खंड 2 जोड़ी वंदे भारत, 1-1 जोड़ी शताब्दी और राज्य रानी एक्सप्रेस और 4 जोड़ी पैसेंजर रेल सेवाओं सहित 34 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा सेवित है। ये निम्नानुसार सूचीबद्ध है:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	20607/20608 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसुरू वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20663/20664 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसुरू वंदे भारत एक्सप्रेस
3	12007/12008 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसुरू शताब्दी एक्सप्रेस
4	20659/20660 केएसआर बेंगलुरू सिटी-मैसुरू राज्य रानी एक्सप्रेस
5	12577/12578 दरभंगा - मैसुरू बागमती एक्सप्रेस
6	12613/12614 केएसआर बेंगलुरू सिटी - मैसुरू वोडेयार एक्सप्रेस

7	12785/12786 काचीगुडा - अशोकपुरम एक्सप्रेस
8	12975/12976 मैसुरू - जयपुर एक्सप्रेस
9	16021/16022 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल-अशोकपुरम कावेरी एक्सप्रेस
10	16207/16208 यशवंतपुर - मैसुरू एक्सप्रेस
11	16209/16210 अजमेर - मैसुरू एक्सप्रेस
12	16215/16216 केएसआर बेंगलुरू सिटी - मैसुरू चामुंडी एक्सप्रेस
13	16217/16218 मैसुरू - साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस
14	16219/16220 चामराजनगर - तिरुपति एक्सप्रेस
15	16227/16228 मैसुरू - तालगुप्पा एक्सप्रेस
16	16231/16232 कडलूर पोर्ट - मैसुरू एक्सप्रेस
17	16235/16236 तुत्तुक्कुडि - मैसुरू एक्सप्रेस
18	16315/16316 मैसुरू - तिरुवनंतपुरम (कोच्चुवेली) एक्सप्रेस
19	16535/16536 पंढरपुर - मैसुरू गोलगुंबज एक्सप्रेस
20	16551/16552 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - अशोकपुरम एक्सप्रेस
21	16585/16586 एसएमवीटी बेंगलुरू - मुर्डेश्वर एक्सप्रेस
22	16591/16592 एसएसएस हुब्बलि - मैसुरू हंपी एक्सप्रेस
23	17307/17308 बागलकोट - मैसुरू बासवा एक्सप्रेस
24	19667/19668 उदयपुर - मैसुरू हमसफर एक्सप्रेस
25	20623/20624 केएसआर बेंगलुरू सिटी - अशोकपुरम मालगुडी एक्सप्रेस
26	20675/20676 बेलगावी - मैसुरू विश्वमानस एक्सप्रेस
27	22135/22136 रेणिगुंटा - मैसुरू एक्सप्रेस
28	22681/22682 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसुरू एक्सप्रेस
29	22687/22688 वाराणसी - मैसुरू एक्सप्रेस
30	22817/22818 हावड़ा - मैसुरू एक्सप्रेस
31	56281/56282 चामराजनगर - तुमकुरु पैसेंजर
32	66551/66552 केएसआर बेंगलुरू सिटी - अशोकपुरम एमईएमयू
33	66553/66554 केएसआर बेंगलुरू सिटी - अशोकपुरम एमईएमयू
34	66579/66580 केएसआर बेंगलुरू सिटी - अशोकपुरम एमईएमयू

इसके अलावा, भारतीय रेल यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष रेलगाड़ियाँ परिचालित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है ताकि यात्रियों की अतिरिक्त ज़रूरतों को पूरा किया जा सके और नियमित सेवाओं द्वारा उपलब्ध स्थानों के अतिरिक्त और स्थानों द्वारा मांग को पूरा किया जा सके। उपरोक्त के अलावा, विभिन्न यात्री वर्गों के लिए अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु, स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर रेलगाड़ियों की यात्री क्षमता भी बढ़ाई जाती है। तदनुसार बेंगलुरू-मैसुरू रेलखंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय रेल ने वर्ष 2025 में स्पेशल रेलगाड़ियों के लगभग 1600 फेरे परिचालित किए और साथ ही रेलखंड को सेवित कर रहीं 24 रेलगाड़ियों की यात्री क्षमता बढ़ाई गई थी।

****